(mail)

**म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड**

**26- अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल**

क्रमांक/मंडी/बोर्ड/प्रांगण/46/99/2025/2081

भोपाल, दिनांक 11/11/2025

प्रति,

1. संयुक्त संचालक,
   म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
   आंचलिक कार्यालय....................(समस्त)
2. भारसाधक अधिकारी/सचिव,
   कृषि उपज मंडी समिति..............(समस्त)
   जिला.................(समस्त)

विषय- भावांतर भुगतान योजना अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से कृषकों को लाभ वितरण कार्यक्रम के संबंध में।

विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 13/11/2025 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय, म.प्र. शासन द्वारा देवास जिले में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से कृषकों को भावांतर योजना के प्रथम चरण की भावांतर राशि का वितरण किया जाना है।

उक्त अनुक्रम में कृषक हितैषी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मंडी प्रांगण में उपस्थित कृषकों, व्यापारियों एवं हम्माल/तुलावटी भाइयों तथा अन्य मण्डी कृत्यकारियों के हितार्थ किया जाना है। कार्यक्रम की लिंक एवं समय के संबंध मे पृथक से अवगत कराया जाएगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 13/11/2025 को आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर/एल.सी.डी. स्क्रीन के माध्यम से मंडी समितियों में कराते हुए उक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक कृषकों, व्यापारियों एवं हम्माल/तुलावटी भाइयों तथा अन्य मण्डी कृत्यकारियों, न्यूनतम 500, की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों एवं सहभागियों की मंडीवार जानकारी एवं कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स (प्रति मंडी 02 फोटोग्राफ) समान दिवस में आंचलिक कार्यालय स्तर पर जानकारी संकलित कर रिपोर्टिंग किये जाने की कार्यवाही करते हुए एकजाई पीडीएफ जानकारी कार्यक्रम समाप्ति उपरांत तत्काल दिनांक 13/11/2025 को ही मुख्यालय प्रेषित की जाए।

**(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा निर्देशित)**

11/11/25

अपर प्रबंध संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

कम्प्यूटर पीयूष सर

क्रमांक/मंडी/बोर्ड/प्रांगण/46/99/2025/2082 भोपाल, दिनांक 11/11/2025

**प्रतिलिपिः-**

1. निज सहायक, सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल।
2. कलेक्टर, जिला .....................(समस्त)।
3. अपर संचालक(वित्त) म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
4. संयुक्त संचालक, (भावांतर भुगतान योजना) म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
5. प्रोग्रामर/आई.टी. सलाहकार, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अपर प्रबंध संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

कम्प्यूटर-पीयूष सर